
# लोकपाल दायरे से पीएम को बाहर रखें: रामदेव



**सिहोर :** योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि प्रस्तावित लोकपाल विधेयक से प्रधानमंती एवं देश के मुख्य न्यायाधीश के पद को मुक्त रखा जाना चाहिए। रामदेव ने आज यहां आवासीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के विशाल मैदान में हजारों लोगों को योगासनों का अभ्यास कराने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'देश के प्रधानमंती और मुख्य न्यायाधीश का पद गरिमापूर्ण पद है और इसे प्रस्तावित लोकपाल विधेराक के दायरे से मुक्त रखा जाना चाहिए।'' इस योग शिविर में मध्य प्रदेश के नगर प्रशासन एवं विकास मंती बाबूलाल गौर भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंती का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होना चाहिए। लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव के साथ ही देश की जनता को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वह अपने प्रधानमंती का चुनाव भी सीधे तौर पर कर सके। इसके अलावा चुनाव का खर्च सरकारी तौर पर उठाने से चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की ओर से लिए जाने वाले चंदे से काले धन को दूर रखा जा सकेगा। रामदेव ने तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी भाषा होने पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि जिस तरह चीन, जापान और कुछ अन्य देशों में ये शिक्षाएं उनकी अपनी भाषा में दी जाती हैं, उसी तरह भारत सरकार को भी इन्हें हिन्दी भाषा में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।

देश के बाहर जमा काले धन और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चार जून से नयी दिल्ली के रामलीला मैदान पर 'अनशन' शुरू करने को लेकर योग गुरुने कहा कि हजारों लोगों ने काले धन के रूप में विदेशी बैंकों में ४०० लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि जमा कर रखी है। यदि राह धन देश में लौट आए, तो भारत एक बार फिर सोने की चिड़िया बन सकता है और राहां दूध-दही की नदिया बह सकती हैं। विदेशी बैंकों में किन लोगों का काला धन जमा है, इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इनकी संख्या हजारों में है और इनके नाम उजागर करने का काम केन्द्र सरकार का है। उसे चाहिए कि वह इनके नाम जनता के सामने लाए और यह भी बताए कि किस व्यक्ति अथवा संस्थान का कितना काला धन विदेशी बैंकों में जमा है। इससे पहले अपनी भारत स्वाभिमान याता के दौरान योग गुरु रामदेव का सोमवार रात भोपाल पहुंचने पर पालिटेक्निक चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वह सिहोर के लिए रवाना हो गए। यहां से वह उज्जैन जाएंगे।

**बाबा रामदेव चार जून से शुरू करेंगे सत्याग्रह**

प्रसिद्ध योग गुरु बाबा रामदेव देश से भ्रष्टाचार को मिटाने तथा काले धन को वापस लाने के लिरो चार जून से नई दिल्ली में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सत्याग्रह शुरू करेंगे। योग गुरु के निकटतम सहयोगी तथा दिव्य योग ट्रस्ट के महासचिव आचार्य बालकृष्ण ने आज हरिद्वार में कहा कि बाबा रामदेव की ओर से शुरू किये जाने वाले सत्याग्रह को दिन प्रतिदिन हजारों लोगों का समर्थन मिल रहा है।


उन्होंने कहा कि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के बैनर के तले शुरूहोने वाले इस सत्याग्रह में योग शिविर भी लगेगा तथा लोग निराहार रहकर तब तक सत्याग्रह करेंगे जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जाती हैं। उन्होंने कहा कि सत्याग्रह का कार्यक्र म सभी राज्यों की राजधानियों तथा अन्य ६०० शहरों में भी आयोजित किया जायेगा।

# भारत जर्मनी ने अफ-पाक मुद्दे की समीक्षा की

**नई-दिल्ली:**भारत और जर्मनी ने आज पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंती मनमोहन सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद से सभी मोर्चों पर निपटा जाना चाहिए, केवल चुनिंदा तौर पर नहीं। जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल आज सुबह भारत दौरे पर यहां पहुंची हैं। प्रधानमंती सिंह और मर्केल ने आपसी हितों से जुड़े द्विपक्षीय, क्षेतीय और अंतरराष्ट्रीरा मुद्दों पर चर्चा की। जर्मन चांसलर से मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनमोहन सिंह ने कहा, ''हमने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के घटनाक्रमों पर चर्चा की। आतंकवाद एक गंभीर चुनौती है और इससे हमें सभी मोर्चों पर निपटना है केवल चुनिंदा तौर पर नहीं।'' सिंह और मर्केल के बीच बैठक के बाद भारत और जर्मनी ने व्यवसायिक शिक्षा, चिकित्सा शोध, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और न्यूक्लिर फिजिक्स के क्षेत्न में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किया।

परमाणु ऊर्जा के उपयोग के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि इस बात का हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए कि सुरक्षा संबंधी सभी मापदंडों और परमाणु ऊर्जा के उत्पादन तथा इस्तेमाल की प्रक्रिया विश्वस्तरीय होनी चाहिए। प्रधानमंती ने कहा, ''आज हमारे कुल ऊर्जा उत्पादन का केवल तीन प्रतिशत परमाणु ऊर्जा है। हमारी क्षमता ५,००० मेगावाट से भी कम है। हम इसे बढ़ाकर २०२० तक २०,००० मेगावाट तक करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर भारत को उत्सर्जन लक्ष्यों को हासिल करना है तो उसे परमाणु ऊर्जा और नवीकृत ऊर्जा स्रोतों को एक साथ लेकर चलना होगा। अंतरराष्ट्रीरा मुद्रा कोष के नये प्रमुख के चयन के बारे में प्रधानमंती ने कहा कि उन्होंने इस विषय पर मर्केल से चर्चा नहीं की लेकिन राष्ट्रीयता से इतर 'सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध' व्यक्ति का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'भारत के विचार सर्वज्ञात है- आ एमएफ प्रमुख के प्रतिष्ठित पद पर राष्ट्रीयता से इतर सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति का चयन किया जाना चाहिए।'' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बारे में चर्चा के विषय में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि भारत और जर्मनी इस मुद्दे पर एक ही तरफ हैं और इनका विचार है कि इस विश्व निकाय में समसामयिक विश्व की वास्तविकता झलकनी चाहिए।

प्रसिद्ध बाक्सर विजयेन्द्र सिह नॉक आउट



''यह कहा जा सकता है कि नक्सली गतिविधियों से संबंधित सामान्य दस्तावेज सेन के पास पाए गए। लेकिन यह कैसे कहा जा सकता है कि इससे राजद्रोह का आरोप लग सकता है।'' गुहा और सान्याल के साथ सेन को दोषी ठहराए जाने और उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों सहित कई ओर से नाराजगी जाहिर की गई थी। कुछ निकायों ने तो मामले में अदालत की कार्यवाही के अवलोकन के लिए सरकार से अनुमति तक मांगी थी।

## आर्थिक घोटालों एवं भ्रष्टाचार संबंधी जानकारी दे

सेन्सर टाइम्स को सम्पूर्ण भारत वर्ष से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायते मय दस्तावेजी प्रमाण के साथ प्राप्त हो रही है हम अपने स्तर पर इन शिकायतों की जाँच करते है और वे शिकायतें सही पाई जाती है तो हम जनहित में आर्थिक घोटालों को समाचार पत्न के माध्यम से प्रकाशित कर उसे सार्वजनिक कर भ्रष्टाचारीयों का पर्दाफाश करते है. पाठकों से निवेदन है कि आपकी जानकारी में ऐसा कोई आर्थिक घोटाला या भ्रष्टाचार से संबंधीत कोई सूचना है तो हमें उसके दस्तावेजी प्रमाण के साथ हमें भेजे और हमारे भ्रष्टाचार मिटाने के संकल्प को मजबूती दे । हम आपको विश्वास दिलाते है कि हम आपका नाम गुप्त रखेगे । आओं हम सब मिलकर हमारे देश को भ्रष्टाचार व भय मुक्त करने में अपना सहयोग दे क्योंकि मेरा ऐसा मानना है कि कोशिश के पेड़ों पर ही कामयाबी के पल मिलते है और यदि हम यही पल हमारे देश की उन्नती के लिये व हमारे समाज के उत्थान के लिये करेंगे तो यकीन मानिये एक दिन हमारा देश पुन: सोने की चिड़िया कहलायेग.

-प्रधान संपादक

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक - रविकुमार पोत्दार इन्दौर ७२/७४ , सूयश विहार,भमोरी दुबे,फारचुन लैण्डमार्क के पीछे, इन्दौर से प्रकाशित एवं आर्टटेक ग्राफिक्स, 864/9, नेहरू नगर, इन्दौर म.प्र. से मुद्रीत
सम्पादक रविकुमार पोत्दार .आर.एन.आई. नं. १२७८२/२००३ e-mail- censortimes@ hotmail.com किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ इन्दौर ही रहेगा। मोबाईल-०९९२६६-३१७०७